श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4,कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र,
नई दिल्ली-110016

क्रमांक. एफ 21(01)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./हि.रा.भा./2021-22/1553 दिनांक 12.03.2024 13

सूचना

इस कार्यालय सूचना पत्र संख्या एफ 21(01)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./हि.रा.भा./2021-22/1508 दिनांक 05.03.2024 के द्वारा सभी विभागों एवं अनुभागों को सूचित किया गया था कि दिनांक 11.03.2024 तक यह सुनिश्चित करना है कि उनके विभाग एवं अनुभाग का कार्य राजभाषा नीति के अनुरूप चल रहा है परन्तु अभी तक इस संबंध में अधिकांश विभागों एवं अनुभागों से सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

इसी क्रम में सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.03.2024 को विश्वविद्यालय की हिन्दी राजभाषा निरीक्षण समिति के द्वारा समस्त विभागों एवं अनुभागों के निम्नलिखित कार्यो का निरीक्षण किया जाएगा।

1. समस्त विभागों में प्रयोग होने वाली सभी फाइलों के कवरों पर विषय, सभी रजिस्टरों के शीर्षक, नियमानुसार **द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) में लिखे गये हैं।**
2. समस्त विभाग एवं अनुभाग सुनिश्चित करे कि फाइलों पर टिप्पण लेखन का कार्य हिंदी में किया जा रहा है।
3. समस्त विभागों में प्रयोग होने वाली अलमारियों में लगाई जाने वाली सूची **द्विभाषी (हिन्दी और अंग्रेजी) में लिखे गये है।**
4. प्रशासन-। एवं प्रशासन-।। में उपलब्ध सभी सेवा पुस्तिकाओं (Service Books) में प्रविष्टियां **हिन्दी में की जा रही हैं।**
5. विश्वविद्यालय के समस्त विभाग एवं अनुभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि संबंधित विभागों एवं अनुभागों की मुहर द्विभाषी है, जिनकी मुहर द्विभाषी नहीं है वे मुहर बनाने के लिए सामान्य विभाग से शीघ्र अति शीघ्र सम्पर्क करे।

उपर्युक्त निर्देशों का पालन विश्वविद्यालय के समस्त विभागों एवं अनुभागों के प्रमुखों द्वारा सुनिश्चित किया जाना है।

कुलसचिव (प्रभारी)

प्रतिलिपिः-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जगदेव कुमार शर्मा (अध्यक्ष हिन्दी रा.भा.कार्या.समिति), प्रो. मीनू कश्यप (आधुनिक विषय पीठ प्रमुख), प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल (पीठ प्रमुख साहित्य एवं संस्कृति), श्रीमती भारती त्रिपाठी, सहायक कुलसचिव (प्रशासन-।), श्री राजकुमार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य प्रशासन)
2. विश्वविद्यालय के समस्त विभागों एवं अनुभागों के प्रमुख
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि इस कार्यालय आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करें तथा समस्त विभागों एवं अनुभागों को व्हाट्सएप्प के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
4. कुलपति, कुलसचिव तथा वित्ताधिकारी के निजी सचिव

कुलसचिव (प्रभारी)

for n.a. Sh. Sachin
13/03/24